निदेशालय प्राविधिक शिक्षा
पत्र प्राप्ति सं. 338
दिनांक 29-12-2020
हस्ताक्षर

वार्ता प्रभा० अधि०

उत्तराखण्ड शासन
तकनीकी शिक्षा विभाग
संख्या /245/ XLI-A / 2020–118 / 2018
देहरादूनः दिनांक 24 दिसम्बर, 2020

कार्यालय ज्ञाप

कार्यालय ज्ञाप संख्या 475 / XLI-A / 2020–118 / 18 दिनांक 14.07.2020 द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विभिन्न राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में नियमित नियुक्त प्रवक्ता, भाषा के पद पर कार्यरत कार्मिकों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत करते हुए सम्बन्धित कार्मिकों के मध्य उक्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची को प्रसारित करते हुए उनसे आपत्तियां / प्रत्यावेदन प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराये जाने हेतु निदेशक, प्राविधिक शिक्षा को निर्देशित किया गया।

उक्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के सम्बन्ध में कतिपय कार्मिकों से आपत्तियां / प्रत्यावेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आपत्तियों / प्रत्यावदेनों पर सम्यक विचारोपरान्त निम्न तालिकानुसार निस्तारण किया जाता हैः–

क्र0 सं0	प्रत्यावेदन / आपत्तियां	निस्तारण
01	**मो0 शाकिर हसन, प्रवक्ता भाषा रा0पा0कपकोट–** मो0 शाकिर हसन का प्रत्यावेदन दिनांक 20.07.2020 प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक कपकोट के पत्र सं0–52 / स्था0–रा0पा0कपकोट / 2020–21 दिनांक 20.07.2020 एवं 17.07.2020 द्वारा निदेशालय को उपलब्ध कराया गया है। मो0 शाकिर हसन, प्रवक्ता ने अपने प्रत्यावेदन में निम्न बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है। मेरी नियुक्ति अनुदेशक भाषा (अंग्रेजी) के रूप में की गयी है। मेरी योग्यता एम0ए0 अंग्रेजी है। विभाग में अंग्रेजी भाषा ही पढायी जाती है। मै विगत 33 वर्षो से अंग्रेजी भाषा का अध्यापन कार्य करता आया हूँ। शासनादेश सं0–681 / XLI–1 / 2013–35 / 05 दिनांक 23.07.2013 द्वारा व्याख्याता फार्मेसी, व्याख्याता भाषा अंग्रेजी, व्याख्याता इलैक्ट्रानिक्स के पदों पर पदोन्नति की गयी है जिसमें यथा कनिष्ठ व्याख्याता के स्थान पर सहायक व्याख्याता फार्मेसी से व्याख्याता फार्मेसी के पदो पर पदोन्नति अनुदेशक भाषा के स्थान पर सहायक व्याख्याता पर व्याख्याता भाषा पद पर पदोन्नति। इसी प्रकार शासनादेश में	मो0 शाकिर हसन के प्रत्यावेदन को स्वीकार करते हुए उस पर विचार किया गया। उनकी प्रथम नियुक्ति अनुदेशक भाषा (अंग्रेजी) के पद पर की गयी है। उत्तराखण्ड की राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं मे अनुदेशक भाषा के पद सृजित है। उक्त पदों पर कार्यरत कार्मिक आवश्यकता के अनुसार हिन्दी / अंग्रेजी विषय पढ़ाते है। राजपत्रित पदों में व्याख्याता भाषा के पद सृजित है जिसमें 02 प्रवक्ता कार्यरत है। 01 प्रवक्ता हिन्दी का सीधी भर्ती से कार्यरत है और दूसरा अंग्रेजी के पद पर पदोन्नति द्वारा कार्यरत है। दोनों कार्मिक आवश्यकता अनुसार हिन्दी वाला हिन्दी, अंग्रेजी वाला अंग्रेजी अध्यापन कार्य करता है। प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड अन्तर्गत संचालित राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में व्याख्याता भाषा (अंग्रेजी) का कोई पद सृजित नहीं है। इस प्रकार अध्यापन कार्य कराने के आधार पर मो0 शाकिर हसन को व्याख्याता अंग्रेजी के पद पर पदोन्नत नहीं किया जा सकता है। मो0 शाकिर हसन को उनके मूल पद व्याख्याता भाषा पर ही पदोन्नत किया गया है। मो0 शाकिर हसन का प्रत्यावेदन आधारहीन है विचारोपरान्त निस्तारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रत्यावेदन में किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए अनन्तिम ज्येष्ठता

	व्याख्याता भाषा के साथ अंग्रेजी शब्द छोडना लिपिकीय त्रुटि थी। व्याख्याता अंग्रेजी की ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित किये जाने का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त नाम शाकिर हसन एवं श्रेणी ओबीसी को त्रुटिपूर्ण बताया गया है।	सूची के कॉलम–2 एवं 5 में आवश्यक संशोधन कर क्रमशः उनका नाम साकिर हसन के स्थान पर शाकिर हसन एवं श्रेणी ओ0बी0सी0 के स्थान पर सामान्य अंकित कर दी गयी है।

अतः उक्त सन्दर्भित कार्यालय ज्ञाप दिनांक 14.07.2020 द्वारा जारी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के कम में प्राप्त आपत्तियों/प्रत्यावेदनों का निराकरण करते हुए उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली 2002 के सुसंगत प्राविधानों एवं इस सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के दृष्टिगत् संलग्न सूची के अनुसार राजकीय पालीटेक्निक संस्थानों के प्रवक्ता, भाषा की अन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत की जाती है।

संलग्नःयथोपरि।

(राधा रतूड़ी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या /XLI–A/2020–118/18 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, श्रीनगर, पौड़ी।
2– समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक, उत्तराखण्ड ।
3– सम्बन्धित कार्मिक, द्वारा निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, श्रीनगर, पौड़ी।
4– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(झरना कमठान)
अपर सचिव।

निदेशालय प्राविधिक शिक्षा उत्तराखण्ड, श्रीनगर गढ़वाल।

पृ0सं0 4811 /नि0प्रा0शि0/स्था0/2020–21 दिनांक 04 जनवरी, 2021

शासनादेश संख्याः 1245/XLI-A/2020–118/2018 दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 के द्वारा राजकीय/राजकीय महिला पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवक्ता, भाषा के पद पर कार्यरत कार्मिकों की अन्तिम ज्येष्ठता सूची प्रसारित की गई है। ज्येष्ठता सूची की 01 प्रति सम्बन्धित कार्मिकों के मध्य अनिवार्य रूप से प्रसारित करना सुनिश्चित करें।

(हरि सिंह)
निदेशक।

शासनादेश संख्या 1245 /XLI–A/2020–118/18 दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 का संलग्नक

प्रवक्ता, भाषा के पद पर कार्यरत कार्मिकों की ज्येष्ठता सूची (अन्तिम)

क्र0 सं0	कार्मिक का नाम एवं पद नाम	जन्म तिथि	शैक्षिक योग्यता	श्रेणी	भर्ती का स्रोत	मौलिक रूप से नियुक्ति की तिथि	मौलिक नियुक्ति पर पदभार ग्रहण करने की तिथि	अभ्युक्ति
1	मौ0 शाकिर हसन	01.04.1961	स्नातकोत्तर	सामान्य	पदोन्नति	23.07.2013	30.07.2013	शासनादेश संख्या 681(1)/XLI-1/2013-35/05 दिनांक 23.07.2013 द्वारा लोक सेवा आयोग की संस्तुति पर पदोन्नति द्वारा नियमित नियुक्ति

(झरना कमठान)
अपर सचिव।